53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 17.5°c | अधिकतम 29.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:33, सूर्यास्त - 6:25 | वर्ष : 53/ अंक : 70 | बुधवार, 12 मार्च 2025 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

जागते हुए को जगाना और समझदार को समझाना असम्भव है...।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

क्या-क्या ठोकना है हम ठीक से ठोकेंगे, सरकार को ठोकेंगे : खड़गे



हिलती हुई कुर्सी को ठोको.... आवाज करती बैंचों को ठोको ......

# शुरू हुई 'होली' की खुमारी, जमकर हो रही रंग-गुलाल और गुंजिया की खरीदारी

**मुजफ्फरनगर, 11 मार्च (बु.)।** पूरे जनपद में होली की खुमारी अब जोरों पर है। ऐसे में जगह-जगह होली के कार्यक्रम तो आयोजित हो ही रहे हैं साथ ही रंग-गुलाल और खाद्य पदार्थों की खरीदारी भी जोरों पर होने लगी है। जगह-जगह पिचकारी और रंग-गुलाल की दुकानें सज गई हैं। इस बार भी बाजार में मोदी-योगी के मुखौटों की मांग ज्यादा है। बंदूक के माध्यम से चलने वाले गुलाल के पटाखों की भी अच्छी मांग है। पिचकारी के साथ रंग-बिरंगे बाल भी बाजारों में सज गए हैं। मिठाई और चिप्स, पापड़ अनेक रंगों में उपलब्ध हैं। आपके अपने अखबार मुजफ्फरनगर बुलेटिन की टीम ने जाना होली के बाजार का हाल..। होली में अब चंद दिन ही बचे हैं। इसे लेकर बच्चों और बड़ों का उत्साह चरम पर है। बाजार पर पूरी तरह से होली का रंग चढ़ा हुआ है। कपड़ों से लेकर नमकीन, रेडीमेड चिप्स, पापड़, पिचकारी, रंग की दुकानों पर भीड़ उमड़ रही है।

बाजार में मैदा, सूजी, चीनी, आटा, डालडा, तेल, घी के अलावा काजू, किशमिश, अखरोट सहित अन्य वस्तुओं की खरीदारी शुरू हो गई है। घर सजाने संवारने से लेकर मेहमान नवाजी के लिए खरीदारी शुरू हो गई है। जगह-जगह रंगों और पिचकारी के साथ मिठाई की दुकानें सजकर तैयार हैं। इतना ही नहीं बाजार में होली के हर्बल रंगों के साथ मिठाई और पिचकारी की नई -नई वैरायटी बच्चों को खूब लुभा रही है। इस बार ऐसी पिचकारी व बम आए हैं जो फोड़ने पर आसमान से रंग बरसाएंगे। वहीं बच्चों की बंदूक से रंग-गुलाल की गोली निकलेगी। बच्चों को केजीएफ के हथौड़े वाली पिचकारी की भी खूब भा रही है। होली की तैयारियों को लेकर जब व्यापारियों से बात की तो व्यापारियों का कहना है कि त्यौहार पर बेहतर कारोबार की उम्मीद देखने को मिल रही है। शहर से लेकर गांव तक लोग रंगों का त्यौहार होली की तैयारी में जुट गए हैं। एक तरफ जहां पर्व को लेकर दुकानदार बाहर से आवश्यक सामान मंगा रहे हैं। दूसरी ओर होली पर्व पर इस बार दुकानदारों को बेहतर कारोबार की उम्मीद है। दुकानदारों का कहना है कि डिमांड के हिसाब से पहले से ही विभिन्न प्रकार की नमकीन, गुझिया, पापड़, मठरी, सजी हुई है। बाजारों में विभिन्न प्रकार के प्राकृतिक रंग और पिचकारी से दुकानों को सजाया जा रहा है, ताकि ग्राहक अधिक से अधिक खरीदारी कर सके। दुकानदार भी बाजार के हिसाब से दुकानों पर सामान का स्टाक कर रहे हैं। एक दुकानदार ने बताया कि होली का त्योहार जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, बाजारों में लोगों की चहल-पहल बढ़ रही है। बाजार होली की रंग में रंगने लगा है फुटपाथ पर रंग, अबीर, गुलाल, पिचकारी की दुकानें अभी से सजने लगी हैं।





होली पर्व को लेकर लोग घर के जरुरी सामानों की खरीदारी के लिए भी बाजारों में पहुंच रहे हैं। लोगों के आने-जाने से बाजारों में चहलकदमी बढ़ गई है। त्यौहारों पर पिचकारी और रंगों का दुकान लगाने वाले दुकानदार ने बताया कि होली पर्व को लेकर ग्राहकों की मांग को देखते हुए बाहर से सामान मंगाए हैं । पिचकारियों में बलून शूटर, बबल गन, सपेरा बीन, मैगजीन, लोडेड गन और फायर गन की मांग आ रही है। दुकानों में होली पर्व को लेकर 30 रुपए से 300 रुपए तक की पिचकारी मौजूद है। कार्टून किरदारों के मुखौटे 10 से 100 रुपए तक बिक रहे हैं। इस बार प्रत्येक रंग के डिब्बे में पांच से दस रुपए की बढ़ोतरी हुई है। वहीं खाद्य सामग्री में पिछ्ले साल की तुलना में इस बार कोई खास बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। शहर के प्रमुख बाजारों में इस बार कई दुकानों में ऐसी पिचकरियां आई हैं, जिनसे वाटर गन से रंग निकलेगा, तो बम से गुलाल की वर्षा होगी, जो आसपास खड़े लोगों को होली के रंग में सराबोर कर देंगे। इस समय बाजार में स्माग फाग, कलर स्मॉग, स्मॉग फाउंटेन जैसे तरह-तरह के गुलाल भी त्योहार को खास बनाएंगे। बच्चों को 3डी, बार्बी डॉल, स्पाइडर-मैन तथा बटरफ्लाई और कई अन्य कार्टून वाली पिचकरियां बहुत आकर्षित कर रही हैं। इस बार होली में हर्बल गुलाल की भी खास डिमांड है। होली पर्व मनाने को लेकर पूरे शहर में जोर-शोर से उत्साह देखा जा रहा है। रंगों के पर्व होली को लेकर बच्चों और युवाओं में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। यह सभी अपने-अपने ढंग से तैयारी में जुटे हुए हैं। कोई रंग-बिरंगे बाल, मास्क,चश्मे, खरीद रहा है, तो कोई सामान्य पिचकारियों से हटकर बाहुबली व मछली वाली पिचकरियां खरीद रहा है।

## बलूचिस्तान में जाफर एक्सप्रेस रेलगाड़ी को किया हाईजैक

इस्लामाबाद 11 मार्च (वार्ता) बलूचिस्तान प्रांत को आजाद करने की मांग कर रहे अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तान रेलवे की यात्री ट्रेन जाफर एक्सप्रेस पर मंगलवार को हमला कर उस पर कब्जा करने के बाद 214 लोगों को बंधक बना लिया वहीं हमले में 30 पाकिस्तानी सैन्यकर्मी मारे गये हैं। बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलूच के मुताबिक उसके लड़ाकों का जाफर एक्सप्रेस पर पूरा नियंत्रण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बंधकों में पाकिस्तानी सेना, पुलिस, आईएसआई और एटीएफ के सक्रिय-ड्यूटी कर्मी शामिल हैं, जो सभी छुट्टी पर यात्रा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आम यात्रियों, विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और बलूच नागरिकों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें सुरक्षित मार्ग से उनके गंतव्य की ओर भेजा गया है। बीएलए ने चेतावनी दी है कि यदि सैन्य हस्तक्षेप जारी रहा, तो सभी बंधकों को मार दिया जायेगा। प्रवक्ता ने कहा कि ऑपरेशन का नेतृत्व मजीद ब्रिगेड, एसटीओएस, फतह स्क्वाड और बीएलए की जिराब यूनिट द्वारा किया जा रहा है तथा किसी भी सैन्य कार्रवाई का निर्णायक जवाब दिया जायेगा। बीएलए के प्रवक्ता ने कहा है कि पाकिस्तानी सेना वहां बीएलए की यूनिटों के खिलाफ हेलीकाप्टर और ड्रोन से हवाई हमले कर रही है। यदि उसके लोगों पर वहां हवाई हमले तुरंत नहीं रोके गए तो पाकिस्तान को ट्रेन में बंधक बनाये गये लोगों से हाथ धोना पड़ेगा और इसके लिए वही जिम्मेदार होंगे। उल्लेखनीय है कि बीएलए के लड़ाकों ने पाकिस्तान के खिलाफ एक रणनीतिक अभियान चलाया रखा है और इसी के तहत उनकी यूनिटों ने बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर स्टेशन जा रही यात्री ट्रेन जाफर एक्सप्रेस पर हमला किया और ट्रेन को पटरी से उतारकर उस पर कब्जा कर लिया है। हमले के दौरान 30 पाकिस्तानी सैन्यकर्मी मारे गये हैं , जबकि 214 लोगों को बंधक बना लिया है।



## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**खतौली, 11 मार्च (बु.)।** सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग के गांव भैंसी क्षेत्र में सड़क पर खड़े ट्रॉले से बाइक सवार विकास की टक्कर होने से विकास गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दुर्घटना में बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। राहगीरों की मदद से पुलिस द्वारा घायल को एम्बूलेंस के द्वारा खतौली सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां गंभीर चोटों के कारण विकास 23 वर्ष पुत्र विनेश निवासी गांव नौना की मौत हो गयी। बताया जाता है कि थाना मंसूरपुर के गांव नौना निवासी विकास देर रात्रि बाइक से गंगनहर पटरी से अपने गांव वापस लौट रहा था। इस दौरान गंगनहर पटरी पर खड़े ट्रॉले से बाइक की भिड़ंत हो गयी, जिसमें विकास की दर्दनाक मौत हो गयी। मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।

## बाइक सवार युवक की ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलकर मौत, 1 गंभीर घायल

**मुजफ्फरनगर, 11 मार्च (बु.)।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के घनश्यामपुरा मोड़ पर बाइक सवार युवक को ट्रैक्टर ट्रॉली ने कुचल दिया। टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर चालक हुआ फरार। युवक की मौके पर ही मौत, तथा दूसरा युवक गंभीर घायल हो गया।
मंगलवार को रतनपुरी क्षेत्र के घनश्यामपुरा मोड़ पर चंदसीना के रहने वाले युवक शोएब पुत्र फैय्याज (23) को एक ट्रैक्टर ट्रॉली ने कुचल दिया, जबकि दूसरा युवक अकलीम पुत्र शब्बीर गंभीर घायल हो गया। टक्कर इतनी भयंकर थी कि ट्रैक्टर का पहिया तक निकल गया। सड़क पर ही युवक खून से लथपथ हालत में पड़ा रहा। युवक शोएब की मौके पर ही मौत हो गयी थी, जबकि गंभीर अवस्था में अकलीम को मेरठ के लिए रैफर किया गया। बताया जाता है कि मृतक युवक रंगाई पुताई का काम करता था और दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर कैलाशनगर से वापस लौट रहे थे। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉले को अपने कब्जे में ले लिया जबकि चालक घटना को अंजाम देकर फरार हो गया।



## दिहुली नरसंहार: 24 दलितों की हत्या में 44 साल बाद इंसाफ

**मैनपुरी, 11 मार्च (एजेंसी)।** फिरोजाबाद के जसराना के गांव दिहुली में 44 साल पहले हुई 24 दलितों की सामूहिक हत्या में मंगलवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को दोषी करार दिया। इन तीनों की सजा के बिंदु पर 18 मार्च को सुनवाई होगी। भगोड़ा घोषित ज्ञानचंद्र उर्फ गिन्ना की फाइल को अलग करते हुए उसके खिलाफ स्थायी वारंट जारी कर दिए हैं। एडीजे विशेष डकैती इंद्रा सिंह की अदालत से दोपहर 3.30 बजे करीब फैसला आया। अदालत में आरोपी कप्तान सिंह, जो कि जमानत पर था, वह हाजिर हुआ। रामसेवक को मैनपुरी जेल से ले जाकर पुलिस ने पेश किया। तीसरे आरोपी रामपाल की ओर से हाजिरी माफी ले गई। अदालत ने साक्ष्यों और गवाही के आधार पर कप्तान सिंह, रामसेवक और रामपाल को दोषी करार दिया। रामपाल की हाजिरी माफी को निरस्त करते हुए उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर 12 मार्च को कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए। इसके बाद पुलिस अभिरक्षा में कप्तान सिंह और रामसेवक को जेल भेज दिया गया।

इस वारदात के दो अभियुक्त युधिष्ठिर पुत्र मुंशी सिंह और पंचम पुत्र मुंशी सिंह की मौत हो चुकी है। मगर, अदालत में इस संबंध में कोई रिपोर्ट दाखिल नहीं हुई थी। अभियोजन ने जसराना पुलिस को बुलाते हुए इस संबंध में फौती रिपोर्ट दाखिल कराई। पुलिस ने दिहुली गांव में पूछताछ, मृतकों के परिजन, रिश्तेदारों से पूछताछ के आधार पर उनको मृत पाने का उल्लेख करते हुए फौती रिपोर्ट दाखिल की। एडीजे डकैती इंद्रा सिंह की कोर्ट से मंगलवार को फैसला बेशक आ गया। 18 मार्च को सजा के बिंदु पर सुनवाई नियत है। मगर, इस नरसंहार की फाइल अभी अदालत में पूर्ण रूप से बंद नहीं होगी। दरअसल, एक मुल्जिम ज्ञानचंद्र उर्फ गिन्ना फरार है। ज्ञानचंद्र उर्फ गिन्ना पुत्र ज्योति प्रसाद इस नरसंहार की वारदात में लंबे समय से फरार चल रहा है। अदालत ने 15 जुलाई 2023 को उसे भगोड़ा घोषित करार देते हुए उसके खिलाफ स्थायी वारंट जारी कर रखे हैं। जब तक ज्ञानचंद्र की गिरफ्तारी नहीं हो जाती या फिर वह खुद ही कोर्ट में सरेंडर नहीं कर देता, उसकी फाइल प्रचलित रहेगी। फिरोजाबाद जनपद के जसराना थाना क्षेत्र के ग्राम दिहुली (घटना के समय मैनपुरी का हिस्सा) में 24 दलितों की सामूहिक हत्या कर दी गई थी। वर्ष 1981 में 18 नवंबर की शाम 6 बजे की यह घटना थी। डकैत संतोष और राधे के गिरोह ने एक मुकदमे में गवाही के विरोध में हथियारों से लैस होकर दिहुली गांव में घुसकर महिलाओं, पुरुषों और बच्चों पर गोलियां चलाई गई थी। इसमें 24 लोगों की मौत हुई थी। बदमाशों ने हत्या करने के बाद लूटपाट भी की थी। रिपोर्ट दिहुली के लायक सिंह ने 19 नवंबर 1981 को थाना जसराना में दर्ज कराई थी। थाना जसराना में राधेश्याम उर्फ राधे, संतोष सिंह उर्फ संतोषा के अलावा 17 लोगों के खिलाफ दर्ज हुई थी। मैनपुरी से लेकर इलाहाबाद तक यह मामला कोर्ट में चला। इसके बाद 19 अक्तूबर 2024 को बहस के लिए मुकदमा फिर से मैनपुरी सेशन कोर्ट में ट्रांसफर किया गया। जिला जज के आदेश पर विशेष डकैती कोर्ट में इसकी सुनवाई हुई। इस नरसंहार को अंजाम देने का आरोप जिस संतोष उर्फ संतोषा और राधे के गिरोह पर है। उस गिरोह के 17 सदस्यों को इस वारदात में अभियुक्त बनाया गया। इस वारदात के अभियुक्तों में से गिरोह सरगना संतोष उर्फ संतोषा और राधे सहित गैंग के सदस्य कमरुद्दीन, श्यामवीर, कुंवरपाल, राजे उर्फ राजेंद्र, भूरा, प्रमोद राना, मलखान सिंह, रविंद्र सिंह, युधिष्ठिर पुत्र दुर्गपाल सिंह, युधिष्ठिर पुत्र मुंशी सिंह और पंचम पुत्र मुंशी सिंह की मौत हो चुकी है।

## मुजफ्फरनगर समेत दुनिया के टॉप 20 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत के 13 शहर

**नई दिल्ली, 11 मार्च (एजेंसी)।** दुनिया के टॉप 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 भारत में हैं, और असम का बनीर्हाट इस लिस्ट में सबसे ऊपर है। मंगलवार को प्रकाशित एक नयी रिपोर्ट से यह जानकारी मिली। स्विट्जरलैंड की वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कंपनी ह्यक्द्अ१ह्ल की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2024 में कहा गया है कि दिल्ली वैश्विक स्तर पर सबसे प्रदूषित राजधानी शहर बना हुआ है, जबकि भारत 2024 में दुनिया का पांचवां सबसे प्रदूषित देश बन गया है। 2023 में इस लिस्ट में भारत तीसरे स्थान पर था। पड़ोसी देश पाकिस्तान के चार शहर और चीन का एक शहर दुनिया के टॉप 20 प्रदूषित शहरों में शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 2024 में पीएम 2।5 सांद्रता में सात प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जो 2023 में 54।4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की तुलना में औसतन 50।6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है। दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 भारत में हैं। दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर है, वार्षिक औसत पीएम 2।5 की सांद्रता 2023 में 102।4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से बढ़कर 2024 में 108।3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हो गई। दुनिया के शीर्ष 20 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत में असम का शहर बनीर्हाट, दिल्ली, पंजाब का मुल्लांपुर, हरियाणा का फरीदाबाद, गुरुग्राम, उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में लोनी, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, मुजफ्फरनगर, राजस्थान में गंगानगर, भिवाड़ी और हनुमानगढ़ शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 35 प्रतिशत भारतीय शहरों में वार्षिक पीएम 2।5 का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन की सीमा पांच माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से 10 गुना अधिक है। असम और मेघालय की सीमा पर स्थित शहर बनीर्हाट में प्रदूषण का उच्च स्तर स्थानीय कारखानों से निकलने वाले उत्सर्जन के कारण है, जिसमें शराब निर्माण, लोहा और इस्पात संयंत्र शामिल हैं। दिल्ली साल भर उच्च वायु प्रदूषण से जूझती है और सर्दियों में यह समस्या और भी बदतर हो जाती है जब प्रतिकूल मौसम संबंधी परिस्थितियां, वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन, धान की पराली जलाने, पटाखे फोड़ने से निकला धुआं और अन्य स्थानीय प्रदूषण स्रोत मिलकर हवा की गुणवत्ता को खतरनाक बना देते हैं। भारत में वायु प्रदूषण एक गंभीर स्वास्थ्य जोखिम बना हुआ है, जिसकी वजह से लोगों की उम्र अनुमानित 5.2 वर्ष कम हो रही है।

## कोर्ट में पेश हुए पूर्व गृहमंत्री सईदुज्जमा सहित आचार संहिता उल्लंघन के आरोपी

**मंगलवार को बहस न होने के कारण 19 मार्च को होगी सुनवाई**

**मुजफ्फरनगर, 11 मार्च (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के फक्करशाह चौक पर वर्ष 2004 में लोकसभा चुनाव के दौरान पुलिस की ओर से आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में पूर्व मंत्री सईदुज्मा, पूर्व सांसद कादिर राणा सहित सादिक कुरैशी, शमीम काला, हाजी सलीम, अहसान कुरैशी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कराया गया था, जिसमें एक आरोपी अहसान कुरैशी की मौत हो चुकी है। मामले की सुनवाई एमपी एमएलए कोर्ट के न्यायधीश देवेन्द्र फौजदार की कोर्ट में चल रही है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में पूर्व गृह मंत्री सईदुज्मा, शमीम समेत सभी आरोपी पेश हुए थे, मगर मंगलवार को कोर्ट में बहस नहीं हो सकी, जिस कारण इस मामले की सुनवाई 19 मार्च नियत हुई है।

## लव जिहाद : हिन्दू महिला से शादी करने पर अंश निकला माजिद, महिला की अश्लील वीडियो बनाने व उसके बच्चों के साथ नंगा कर मारपीट करने का आरोप

मुजफ्फरनगर, 11 मार्च (बु.)। नई मण्डी क्षेत्र में एकाएक एक लव जिहाद का मामला सामने आया है, जिसमें महिला और युवक का झगड़ा होने पर मामले का खुलासा हुआ। बताया जाता है कि अंश बताया जाने वाला युवक माजिद था और उसने हिन्दू महिला से शादी करने के लिए अपना नाम अंश रखा हुआ था। मंगलवार को इस बात की पोल खुली तो महिला खुद नई मण्डी थाने पहुंची और उसने जो आरोप लगाए वह वास्तव में रौंगटे खड़े कर देने वाले हैं। महिला ने बताया कि माजिद उससे अंश चौधरी के नाम से मिला और उसने कब उसे अपनी गिरफ्त में ले लिया, उसे खुद को पता नहीं लगा। इस महिला के दो बच्चे हैं। अंश चौधरी ने पिलखुआ में उससे शादी की। शादी के बाद उसकी जमीन, जेवर, बैंक बैलेंस सब खाली कर दिया और अब पिछ्ले दस महीने से ये महिला व माजिद नाम बदलकर दोनों गांधी नगर में किराये पर रह रहे थे। महिला का आरोप है कि सब कुछ हड़पने के बाद माजिद ने उसके बच्चों की व उसकी नग्न करके पिटाई की। इतना ही नहीं उसके साथ अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी भी लगातार माजिद देता रहा। अब माजिद के कृत्यों से तंग आकर महिला सीधा नई मण्डी कोतवाली पहुंची। महिला ने बताया कि वह अपने पति की प्रताड़ना से तंग आकर उससे अलग रह रही थी तथा महिला के माता-पिता भी नहीं हैं। अलग रहने के कारण माजिद ने उसे अपने जाल में फंसा लिया। महिला ने यहां तक बताया कि उक्त युवक ने उसे अपने जाल में फंसाने के लिए हाथों पर कलावा और माथे पर तिलक भी लगा लिया करता था। देर रात हिन्दू संगठन उक्त युवती को लेकर नई मण्डी थाने पहुंचे और स्वयं थाने में युवती ने अपनी पूरी कहानी बयां की।



## अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कोर्ट के एफआईआर दर्ज करने के आदेश

**नई दिल्ली, 11 मार्च (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के लिए मंगलावर को एक बुरी खबर आई। राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को कथित रूप से नुकसान पहुंचाने के मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने शिव कुमार सक्सेना की अर्जी को स्वीकार्य किया। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को 18 मार्च को अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। केजरीवाल पर यह मामला 2019 का है। शिकायतकर्ता ने द्वारका में बड़े होर्डिंग्स लगाए जाने को लेकर सार्वजनिक पैसों की बर्बादी मानते हुए कोर्ट में इसकी शिकायत की थी, लेकिन तब मजिस्ट्रेट ने शिकायत खारिज कर दी थी। इसके बाद शिकायतकर्ता ने रिवीजन पिटीशन डाली। इस बार आखिरकार अर्जी को स्वीकार कर ली गई है और कोर्ट ने केजरीवाल पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया।





## गवाह पेश न होने के कारण रामपुर तिराहा कांड में अब 20 मार्च को सुनवाई

**मुजफ्फरनगर, 11 मार्च (बु.)।** रामपुर तिराहा कांड से जुड़े सरकार बनाम एसपी मिश्रा व सरकार बनाम बृजकिशोर मामले में कोर्ट में सुनवाई हुई। आपको बता दें कि 1 अक्टूबर 1994 की रात्रि पृथक राज्य की मांग के लिए दिल्ली जा रहे उत्तराखण्ड के आन्दोलनकारियों पर पुलिस ने गोलियां चला दी थी, जिसमें सात आन्दोलनकारियों की मौत हो गयी थी। इस मामले में महिलाओं से छेड़छाड़ व दुष्कर्म के भी आरोप लगे थे। तभी सीबीआई जांच के बाद हाईकोर्ट के आदेश पर सात मुकदमें दर्ज कराए गए थे। उत्तराखण्ड संघर्ष समिति के वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग वर्मा ने इस मामले में मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि मुल्जिम पक्ष की ओर से कोर्ट में कोई गवाह पेश नहीं किया गया, उसके बाद कोर्ट ने गवाही को क्लॉज कर दिया। वहीं सरकार बनाम बृजकिशोर मामले में बहस नहीं हो सकी। दोनों मामलों की सुनवाई एमपी एमएलए कोर्ट में चल रही है। मंगलवार को बहस न होने के कारण कोर्ट ने दोनों मामलों में सुनवाई की तिथि 20 मार्च नियत की है।

**ग्यारहवाँ रोजा -12-03-2025**

| सुन्नी | इफ़्तार | शिया |
|---|---|---|
| 6:26 | | 6:35 |

**रमजान- 2025**

**बारहवाँ रोजा - 13-03-2025**

| सुन्नी | सहरी | शिया |
|---|---|---|
| 5:04 | | 5:00 |










1973-2025

सम्पादक की क़लम से

# नेता, अभिनेता और निकृष्ट राजनीति

नेता, राजनीति से जुड़े होते हैं, अभिनेता नाटक और फिल्मों से जुड़े होते हैं, लेकिन इन दोनों क्षेत्रों में निकृष्ट राजनीति भी जगह बनाती जा रही है। ऐसा नहीं है कि अच्छे नेता नहीं हैं, उत्कृष्ट राजनीति अब नहीं होती, लेकिन अब निकृष्ट राजनीति अधिक देखने को मिलती है। फिल्मों को लेकर कहा जा रहा है कि दशकों पहले, कुछ का कुछ दिखा कर फिल्में बनती थी, अब इतिहास से जुड़ी ऐसी फिल्में बन रहीं है, जो दशकों पहले बनी फिल्मों पर सवाल उठा रहीं हैं, इन सब पर निकृष्ट राजनीति भी चल रही है, जहां तक अभिनेता के अभिनय की बात है, तो ऐसे हजारों अभिनेता हैं, जो अपने अभिनय से पात्र को जीवंत कर देते हैं, लेकिन उनकी जिम्मेदारी अभिनय तक ही है। बाकी सब कहानी और निर्देशन का मामला है। राजस्थान के मुख्यमन्त्री भजन लाल शर्मा का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उनसे उनके पसंदीदा हीरो के बारे में पूछा जाता है, तो वे प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का नाम ले रहे होते हैं। इस वीडियो के बाद कांग्रेस की तरफ से तंज जारी हैं। कुछ निचले दर्जे के बयान भी सामने आ रहे हैं, यही निकृष्ट राजनीति है। राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा अवॉर्ड्स सेरेमनी के लिए जयपुर पहुंचे थे। इस दौरान मीडिया वालों ने उनसे पूछा कि उनका फेवरेट हीरो कौन है? इस सवाल का सीएम ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया और कहा कि नरेन्द्र मोदी जी। उनका ये बयान सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। इसके बाद विपक्षी नेताओं ने उन्हें और पीएम दोनों को घेर लिया है। राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने एक्स पर कहा कि हम ये बात बहुत पहले से कहते आ रहे हैं कि मोदी जी नेता नहीं बल्कि अभिनेता हैं। देर ही से सही, भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री भी कहने लगे हैं कि मोदी जी जननेता नहीं बल्कि अभिनेता हैं। वो कैमरा स्किल, टेलीप्रॉम्प्टर, वेशभूषा और लच्छेदार भाषणों में माहिर हैं। एक अन्य कांग्रेसी ने कहा कि आप सही कह रहे हैं भजन लाल जी, पीएम मोदी अच्छे एक्टर है, लेकिन क्या आपको नहीं लगता कि कभी-कभी वो बहुत ज्यादा ओवर एक्टिंग करने लगे हैं? आम आदमी पार्टी ने भी अपने एक्स हैंडल पर वीडियो साझा करते हुए कहा कि भाजपा के मुख्यमंत्री और नेता खुद मानते हैं कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी से बड़ा अभिनेता इस देश में कभी नहीं हुआ और न ही कभी होगा। आम आदमी पार्टी को तो इस पोस्ट पर खूब घेरा जा रहा है। उनकी पार्टी के एक्टरों के नाम लेकर उन्हें ट्रोल किया जा रहा है। यह सारा मामला शब्दों के अर्थ और भाव का है। पसंदीदा हीरो और पसंदीदा एक्टर की बात है। हीरो यानी नायक और एक्टर यानी अभिनेता। मुख्यमन्त्री भजन लाल ने हीरो यानी नायक के अर्थ में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का नाम लिया, जिसे कांग्रेस ने एक्टर मान कर टिप्पणियां की। इस पूरे मामले पर भाजपा की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। पार्टी प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने दावा किया कि मुख्यमन्त्री से पूछा गया सवाल उनके पसंदीदा हीरो के बारे में था, भारद्वाज ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेसी एक परिवार के चरणों में घुटने टेककर, झूठ और धोखे की अपनी परंपरा को जारी रखते हुए, वीडियो एडिट करके फर्जी स्क्रिप्ट लिखने का असफल प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद कांग्रेस को भी ट्रोल किया जा रहा है। दूसरी तरफ राज्यसभा में नयी शिक्षा नीति पर बोलते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने डीएमके को असभ्य और अलोकतांत्रिक पार्टी करार दिया था, जिसके बाद से लगातार विवाद जारी है। खड़गे ने इस पर कहा कि अगर तमिलनाडु की जनता को मंत्री धर्मेंद्र प्रधान असभ्य कहेंगे, उनके स्वाभिमान को चोट पहुंचाने का काम करेंगे, तो ऐसे मंत्री से इस्तीफा लेना चाहिए। ये लोग देश को तोड़ने की बात करते हैं। राज्यसभा से भी जो खबरें आ रहीं हैं, उन्हें अच्छी राजनीति नहीं कहा जा सकता। नयी शिक्षा नीति और मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के बयान पर कल भी राज्यसभा में जोरदार हंगामा देखने को मिला। नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंत्री के बयान की निंदा की और जब उन्हें उपसभापति की ओर से बोलने से रोका गया, तो खड़गे ने कहा कि यहां तानाशाही चल रही है। इस पर जब चेयर की ओर से उन्हें फिर रोका गया, तो खड़गे ने कहा कि क्या-क्या ठोकना है हम ठीक से ठोकेंगे, सरकार को ठोकेंगे। इसके बाद खड़गे ने सदन में खड़े होकर कहा कि मैंने आसन के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने उपसभापति से कहा कि अगर आपको मेरी बातों से ठेस पहुंची है, तो मैं इसके लिए माफी मांगता हूं, लेकिन मैंने ठोको शब्द का इस्तेमाल सरकार की नीतियों के लिए किया कि हम सरकार की नीतियों को ठोकेंगे। उन्होंने कहा कि आपसे माफी के लिए मैं तैयार हूं, लेकिन सरकार से माफी नहीं मांगूंगा। इसके बाद जेपी नड्डा ने खड़गे की माफी की सराहना की, लेकिन कहा कि अगर उन्होंने सरकार की नीतियों के बारे में भी ऐसी बात बोली है, तो इसे सदन की कार्यवाही से हटाना चाहिए। राहुल गांधी ने अपनी ही पार्टी के नेताओं पर सवाल उठा कर खलबली मचा दी थी, अब उनके करीबी सहयोगी और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के खिलाफ कर्नाटक में एफआईआर दर्ज की गई है। उन पर आरोप है कि उनके एनजीओ, फाउंडेशन फॉर रिवाइटेलाइजेशन ऑफ लोकल हेल्थ ट्रेडिशन ने कर्नाटक के वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा किया है। यह मामला तब सामने आया, जब भाजपा नेता और एंटी बेंगलुरु करप्शन फोरम के अध्यक्ष रमेश एनआर ने 24 फरवरी को ईडी और लोकायुक्त से इस संबंध में शिकायत की थी। शिकायत के बाद जांच प्रक्रिया शुरू हुई और सैम पित्रोदा, उनके एनजीओ के एक साथी, वन विभाग के 4 अफसरों, और एक रिटायर्ड आईएएस अफसर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि पित्रोदा के एनजीओ ने वन विभाग की जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा किया, जबकि लीज की अवधि समाप्त हो चुकी थी। शिकायतकर्ता रमेश का आरोप है कि जब लीज का समय समाप्त हो गया, तो इस भूमि को वापस वन विभाग को लौटाना चाहिए था, लेकिन विभाग ने इसे वापस लेने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। इसके बावजूद, पित्रोदा और उनके एनजीओ ने पिछले 14 वर्षों से इस भूमि का अवैध कब्जा बनाए रखा। इस मामले में अब कानूनी जांच चल रही है, और एफआईआर दर्ज होने के बाद संबंधित अधिकारियों और व्यक्तियों से पूछताछ की जाएगी।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'गुफ़्तगू' 'आदमी' 'वक़्त' 'जिन्दगी'

हर खुशी से दोस्ताना, हर घड़ी से गुफ़्तगू,
आदमी की वक़्त से पहचान होनी चाहिए।
मुफलिसी हो या अमीरी रौशनी हो तीरगी,
जिन्दगी हर हाल में आसान होनी चाहिए।








# संयुक्त हिंदू मोर्चा के कार्यक्रम में दिया संदेश, होली पर जो बुरा माने वो घर बैठे

## - अतिथियों ने हिन्दू-सामाजिक हित में लिए गए प्रयासों की मुक्त कंठ से की सराहना

**मुजफ्फरनगर, 11 मार्च (बु.)।** संयुक्त हिंदू मोर्चा की ओर से आर्य समाज मंदिर में मंगलवार को होली मिलन समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में होली को उल्लास के रूप में बदलने के लिए सबने एक दूसरे पर कटाक्ष किये, मगर किसी ने भी एक दूसरे की बात का बुरा नहीं माना और कहा कि होली बुरा मानने का पर्व नहीं है और जिसे बुरा मानना हो वो होली पर घर से बाहर ही ना निकले और ना ही किसी से मजाक करे। कार्यक्रम अध्यक्षता व्यापारी नेता कुश पुरी व संचालन संयुक्त हिंदू मोर्चा के अध्यक्ष मनोज सैनी व शिव सेना जिलाध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, विधायक मिथलेश पाल, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक एवं पंजाबी समाज अध्यक्ष अंकुर दुआ, पूर्व विधायक अशोक कंसल एवं उमेश मलिक, सत्य प्रकाश रेशु, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, डॉ. एमके तनेजा आदि उपस्थित रहे। होली मिलन कार्यक्रम में इस दौरान अतिथियों ने संयुक्त हिंदू मोर्चा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हिंदू मोर्चा के नेतृत्व में जिले के अधिकांश सामाजिक व हिन्दू संगठन सामाजिक व हिंदू हित के कार्य कर रहे हैं। होली की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि सभी सनातन धर्म प्रेमी होली के पावन पर्व को धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ पूरे दिन मनाएं और जिन्हें इस होली के रंगों से किसी तरह की परेशानी हो तो वे इस बीच बेहतर रहेगा कि अपने घरों में रहे। इस दौरान मुख्य रूप से व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल, सचिन सिंघल, संजय अरोड़ा, डॉ. योगेंद्र शमा, सुनील तायल, सुनील दर्शन, अशोक बाटला, श्रीमोहन तायल, जगदीश पांचाल, रजत वर्मा, अखिलेश शर्मा, नंदकिशोर पुंडीर, बागेश अग्रवाल, पंकज भारद्वाज, पंकज माहेश्वरी, हरि ओम त्यागी, अनूप राठी, राधे श्याम विश्वकर्मा, कमलदीप, राजू सैनी, लोकेश सैनी, राजेश कश्यप, अमरीश त्यागी, गौतम कुमार, संजय गोयल, पुष्पेंद्र सैनी, चेतन देव विश्वकर्मा, आशीष शर्मा, रविंद्र सैनी, अनुराग सिंगल, कप्तान सिंह, प्रशांत गौतम, विशाल सिंघल, नरेश सैनी, लोकेश कश्यप, जितेंद्र गोस्वामी, रेनू चौधरी, सुनीता मलिक, सीमा ठाकुर, शालिनी शर्मा, नेहा गोयल, सुमन, अनीता, पारुल, सरोज, नीशु गोसेवक, हरीश पालीवाल, संदीप पुंडीर, शलभ गुप्ता, प्रवीन जैन, प्रमोद वर्मा, हरेंद्र शर्मा, राजीव गोस्वामी, शैंकी शर्मा, राजकुमार सैनी, सूरज मिश्रा एवं सोनू पाल आदि मौजूद रहे।













## - बुलेटिन संपादक ने आयोजन पर दी पदाधिकारियों को बधाई



# चटपटे चुटकुलों व चाट ने कदीम अग्रवाल सभा में जमाया रंग

**मुजफ्फरनगर, 11 मार्च (बु.)।** श्री कदीम अग्रवाल सभा की ओर से अबुपुरा सभा भवन में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ एवं प्रमुख उद्योगपति रघुराज गर्ग रहे। मंगलवार को संपन्न होली मिलन कार्यक्रम की अध्यक्षता कदीम अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सौरव स्वरूप बंसल एवं संचालन भवन सभा मंत्री पवन बंसल ने किया। श्री कदीम अग्रवाल सभा की ओर से मौ. अबुपुरा सभा भवन में आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने सभा की ओर से आयोजित होली मिलन कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए इस भव्य आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व बुलेटिन संपादक ने महाराजा अग्रसेन जी महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कदीम अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए सदैव अपनी ओर से हरसंभव समाजहित के कार्यों में सहयोग किए जाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन जी के विषय में पूछे गए सवालों का सही जवाब देने वाली प्रतिभाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। इस दौरान सभा के मंत्री अनिल तायल ने मुख्य अतिथि को और कार्यक्रम में पधारे सभी सम्मानित अग्र बंधुओं को शाल एवं टोपी ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य रूप से अशोक कंसल पूर्व विधायक,अनिल बंसल, विकास स्वरूप बंसल बब्बल कोषाध्यक्ष, मोंटी मयंक बंसल, शंकर स्वरूप बंसल, अभिनव बंसल, मुकेश मित्तल, राघव बंसल, अनुज स्वरूप बंसल, कृष्ण गोपाल मित्तल, श्रीमोहन तायल, शरद गुप्ता अभिलक्ष, बंटी, बृजेश, कुलदीप गोयल, त्रिलोक चंद गुप्ता, ओम गोयल, राहुल गोयल, तरुण मित्तल, वरिष्ठ अधिवक्ता सुखदेव मित्तल, परीक्षित मित्तल, पवन अग्रवाल, अनिल लोहिया, दिनेश बंसल, दीपक बंसल, विशाल गुप्ता एवं अरविंद आदि मौजूद रहे।



# रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर समर्पण द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 11 मार्च (बुस.)।** रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर समर्पण ने होली के हर्षोल्लास को मनाते हुए होली मिलन समारोह का शानदार आयोजन स्थानीय मंगलम गोल्ड विश्वकर्मा चौक में किया। इस रंगारंग कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और होली के उमंग भरे गीतों पर नृत्य कर माहौल को और भी जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में किड्स गेम, कपल गेम और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे सभी को होली की खुशियों का भरपूर आनंद मिला। सभी सदस्य परिवारों को होली की शुभकामनाओं के साथ विशेष होली गिफ्ट भी प्रदान किए गए। इस उत्सव का कुशल संचालन कार्यक्रम संयोजक डॉ. रश्मि संगल, प्रिया गोयल द्वारा किया गया, जिन्होंने आयोजन को यादगार बना दिया। शक्ति शाखा के इस आयोजन में होली के पावन अवसर पर एकता और सौहार्द का संदेश दिया। अध्यक्ष संदीप गुप्ता ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मोहित संगल, अंकित मोहन, विजय मित्तल, अंशुल, शक्ति संगल, प्रवीण गुप्ता, अमित तायल, नीरज कौशिक, मुकुल गोयल, निपुण गुप्ता, अतिलेश, राजेश गोयल, अर्पित अग्रवाल, संदीप मित्तल, प्रवेश गर्ग, सौरभ गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित रहे।



# श्रीकृष्णा गौशाला, पचेंडा रोड पर होली मिलन का भव्य आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 11 मार्च (बुस.)।** आज मंगलवार को प्रातः कालीन बेला में श्रीकृष्णा गौशाला, पचेंडा रोड पर गौशाला की साधारण सभा एवं होली मिलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौमाता के पूजन गुलाल के साथ करते हुए उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत भी होली के रंग एवं रंग बिरंगी टोपी लगाकर किया गया। इस अवसर पर गौशाला के संरक्षक अशोक तायल, जयप्रकाश गोयल, घनश्याम दास गोयल, शशिकांत मित्तल प्रांतीय अध्यक्ष भारत विकास परिषद का सान्निध्य प्राप्त हुआ। सभी सदस्यों ने होली की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर कुलदीप गुप्ता, अध्यक्ष भारत विकास परिषद संकल्प, ओम कुमार गर्ग, योगेन्द्र जैन एड., राकेश ढींगरा, कीमती लाल जैन, डॉ. विवेक कुमार एवं प्रेम प्रकाश अरोरा ने गौमाता की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी को गौमाता की सेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन शिशुकांत गर्ग, एड. ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे मंत्री मित्र सैन कथूरिया, हरीश सचदेवा, संजय मलिक, रवि नंदन, सतीश शर्मा, राजकुमार बख्शी, राजीव पाहुजा, अभिनंदन कथूरिया, रोहित भाटिया, कन्हैया शर्मा, सागर अरोरा, रमन मिश्रा, विष्णु स्वरूप अग्रवाल, गोपाल गर्ग आदि का भरपूर सहयोग रहा। अध्यक्ष कस्तूरी लाल मलिक ने सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। अंत में हनुमान चालीसा और राम नाम की माला के साथ जलपान का आनंद लेते हुए कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।




# श्री श्याम वंदना महोत्सव में देर रात्रि तक झूमे श्रद्धालु

## - श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति का 37वां महोत्सव संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 11 मार्च (बु.)।** श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति के 37वें श्री श्याम वंदना महोत्सव में देर रात्रि तक श्रद्धालुओं ने भक्ति की वैतरणी में श्याम बाबा का गुणगान करते हुए गोते लगाए। नई मंडी स्थित श्री रामलीला भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री श्याम बाबा का भव्य दरबार लगवाया गया, जिसमें लगाई गई तेरह सीढ़ी श्री श्याम बाबा के खाटू श्याम मंदिर में लगी तेरह सीढ़ियों की याद को ताजा कर गए। श्री खाटू श्याम मंदिर की उन सीढ़ियों का अपना अलग ही महत्व है। बाबा श्याम के दरबार में हर एक सीढ़ी पर जय श्री श्याम लिखवाया गया, वहीं बादलों के बीच में चांद पर बैठे हुए श्याम बाबा फूलों के श्रृंगार में सजकर बहुत मनमोहक एवं आकर्षक लग रहे थे। नई मंडी के रामलीला भवन में आयोजित श्री श्याम वंदना के इस महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अशोक कंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, भाजपा नेता विशाल गर्ग आदि मौजूद रहे। दरबार में श्याम बाबा चांदी के मुकुट में विराजमान थे, जो अरूण गर्ग (पेपर वाले) ने चांदी का मुकुट श्याम बाबा को फाल्गुन एकादशी पर भेंट किया। समिति ने उनका आभार व्यक्त किया। इस बीच मुख्य यजमान के रूप में अरविंद बंसल, राजकुमार सिंघल, संदीप गोयल, शुभम बंसल, राजेन्द्र गुप्ता और दिनेश मित्तल रहे। कार्यक्रम में कोलकाता से यहां पधारे भजन गायक कुमार दीपक व राजस्थान भीलवाड़ा से आए राघव दाधीच ने बाबा को और प्रेमियों को खूब रिझाया। बाबा के प्रेमियों से पूरा पंडाल भरा हुआ था। समिति की ओर से छप्पन भोग, इत्र वर्षा के साथ बाबा की कृपा से बाबा के सभी प्रेमियों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की हुई थी। इस दौरान समिति अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, संदीप गर्ग, जय भगवान बंसल, अचिन सागर गर्ग, अचिन जिंदल, विकास गोयल, राजीव गर्ग, संजीव गर्ग, रिंकू गर्ग, अनुज गर्ग, राजीव बंसल, राजकुमार सिंघल, राजेन्द्र गुप्ता, अरविंद बंसल, संदीप गोयल, शुभम बंसल, विदित गुप्ता, मयंक अग्रवाल, अचिन बंसल, नरेंद्र गर्ग, अभिषेक अग्रवाल, अनूप गोयल, गौरव गर्ग, रोहताश कुमार, अभिषेक तायल, हर्षित अग्रवाल, प्रिंस चावला, मधुसूदन अग्रवाल, निक्की, अर्पित जैन, शास्वत गोयल, अनुराग, लोकेश बंसल, सुशांत गर्ग, अर्पित सिंघल, अवि, लव अग्रवाल, मनोज गोयल, जय बंसल, दीपांशु गर्ग, पुलकित, गौरव, अंकित गर्ग, प्रांशु बंसल, अमन गर्ग, रचित सिंघल, वासु, विपुल गर्ग, अनुज जिंदल एवं श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति के सभी एकादशी सदस्य मौजूद रहे।

# क्रिकेट ट्रायल के लिए अब 15 तक करा सकेंगे रजिस्ट्रेशन

**मुजफ्फरनगर, 11 मार्च (बु.)।** जनपद मुख्यालय पर अब मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित एमपीएल टी-20 के लिए ट्रायल 15 मार्च को नुमाईश कैंप स्थित चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में सुबह 9 बजे से आयोजित कराया जाएगा। मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सभी खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया है। अभी तक 160 खिलाड़ी अपना रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। मंगलवार को क्रिकेट ट्रायल की जानकारी देते हुए एसोसिएशन सचिव मनोज पुंडीर ने बताया कि क्रिकेट के खिलाड़ियों के उत्साह को देखते हुए अभी तक पंजीकरण न कराने वाले सभी क्रिकेट खिलाड़ी 15 तारीख को सुबह 9 बजे तक रजिस्ट्रेशन करा सकते है। ट्रायल में खिलाड़ियों को रंगीन ड्रेस में आना होगा। उत्तर प्रदेश के पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी व टीम मैनेजर संजीव जखमोला, विकास राठी और रोहन त्यागी के साथ खिलाड़ियों की प्रतिभा को परखेंगे। ट्रायल में टीमों के ओनर और सभी कोच और आइकॉन प्लेयर्स को भी इस ट्रायल के दौरान मौजूद रहने को कहा गया है।

कापियाँ और रजिस्टर
फैक्ट्री रेट पर ले जाइये भर-भर
आदित्या स्टेशनरी
सभी प्रकार के रजिस्टर व कॉपियाँ फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है।
DOMS classmate ICON
कॉपियाँ ही कॉपियाँ
रजिस्टर ही रजिस्टर
अभिभावक की जेब पर ना पड़े बोझ
कापी-रजिस्टर ले जाएं
नो प्रॉफिट- नो लॉस
M.9761112371, 8433435653
कच्ची सड़क, निकट पुलिस चौकी, (SBI ATM) के पास, मु.नगर

# दुल्हैंडी को जिले में बंद रहेंगी शराब की सभी दुकानें

**मुजफ्फरनगर, 11 मार्च (बु.)।** जिले की सभी आबकारी दुकानें यथा देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर एवं मॉडल शॉप के फुटकर तथा थोक दुकानें सुरक्षा कारणों से 14 मार्च को सायं 5 बजे तक बन्द रखी जाएगी। मंगलवार को इस संबंध में डीएम उमेश मिश्रा ने बताया कि जनपद मुजफ्फरनगर में होली यानि रंग का पर्व शुक्रवार 14 मार्च का मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि ऐसे में जिले में शांति व्यवस्था के हित में, मैं उमेश मिश्रा, जिला मजिस्ट्रेट मुजफ्फरनगर आबकारी अधिनियम की धारा-59 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद की समस्त आबकारी दुकानें यथा देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर एवं मॉडल शॉप के फुटकर अनुज्ञापनों तथा थोक अनुज्ञापनों यथा सीएल-2, एफएल-2/2 बी, भांग की थोक एवं फुटकर अनुज्ञापनों, एफएल-6/7 बार अनुज्ञापन तथा एफएल 16/17 अनुज्ञापन एफएल-39/40/41 एवं एमए-2 एवं 04 अनुज्ञापनों को 14 मार्च को सायं 5 बजे तक बन्द रखने का आदेश देता हूँ। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बंदी के लिए अनुज्ञापियों को किसी भी प्रकार का प्रतिफल देय नहीं होगा।

## इस्राइली सेना की गोलीबारी में चार लोगों की मौत, 14 लोग घायल

**तेल अवीव, 11 मार्च (एजेंसी)।** गाजा पट्टी में पिछले 24 घंटे में इस्राइली बलों की ओर से की गई गोलीबारी में चार फलस्तीनी मारे गए और 14 अन्य घायल हुए। फलस्तीनी अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी की ये घटनाएं क्षेत्र में इस्राइल और हमास के बीच काफी हद तक प्रभावी संघर्ष-विराम समझौते के बीच हुईं। इस्राइली सेना ने कहा कि गोलीबारी में दर्जनों फलस्तीनी नागरिक मारे गए, जिन्होंने जनवरी में हुए संघर्ष-विराम समझौते का उल्लंघन करते हुए या तो उसके सैनिकों के करीब आने की कोशिश की या फिर अनधिकृत क्षेत्रों में प्रवेश किया। इस्राइल ने चरमपंथी समूह हमास पर संघर्ष-विराम समझौते के पहले चरण के विस्तार को स्वीकार करने का दबाव बढ़ाने के लिए गाजा पट्टी में रह रहे 20 लाख से अधिक फलस्तीनियों को सामान और बिजली की आपूर्ति पिछले हफ्ते रोक दी थी। समझौते का पहला चरण एक मार्च को समाप्त हो गया था। इस्राइल चाहता है कि हमास स्थाई संघर्ष-विराम पर बातचीत के लिए हामी भरने के बदले उसके बाकी बंधकों में से आधे को रिहा कर दे। वहीं, हमास संघर्ष-विराम के अधिक कठिन दूसरे चरण पर बातचीत शुरू करना चाहता है, जिसके तहत गाजा पट्टी से बाकी बंधकों की रिहाई, इस्राइली सेना की वापसी और स्थायी शांति सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। हमास के कब्जे में इस्राइल के 24 जीवित बंधकों के अलावा 35 बंधकों के शव होने का अनुमान है।

## सरिया से भरा ट्रक पुल की रेलिंग तोड़ 40 फीट नीचे गिरा, ड्राइवर और हेल्पर की मौत, मच गई चीख-पुकार

**मुरादाबाद, 11 मार्च (एजेंसी)।** मुरादाबाद जिले के थाना मूंढापांडे इलाके के नेशनल हाईवे पर देर रात सरियों से भरा ट्रक दलपतपुर इलाके की राजेड़ा नदी पर बने पुल की रेलिंग को तोड़ता हुआ 40 फीट नीचे गिर गया। हादस इतना भीषण था कि ट्रक ड्राइवर और हेल्पर की मौके पर ही मौत हो गई। पुल से नीचे गिरने से ट्रक के परखच्चे उड़ गए। जानकारी के अनुसार हादसा देर रात 2 बजे हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रक गाजियाबाद से सरिया भर कर हल्द्वानी जा रहा था। ड्राइवर को नींद आई या किसी गाड़ी को ओवरटेक करते हुए संतुलन बिगड़ने पर ट्रक पुल से नीचे गिर गया। इस हादसे में ड्राइवर वसीम और हेल्पर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शव को गाड़ी से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस मामले कि जांच में जुटी है।

## दक्षिण अफ्रीका में बड़ा हादसा; राजमार्ग पर बस दुर्घटना में बारह लोगों की मौत

**जोहान्सबर्ग, 11 मार्च (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के शहर जोहान्सबर्ग में मंगलवार को बड़ा हादसा हुआ। यहां राजमार्ग पर एक बस के पलट जाने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 45 लोग घायल बताए जा रहे हैं। शहर के एकुरहुलेनी आपातकालीन प्रबंधन के प्रवक्ता विलियम नथलाडी ने बताया कि आपातकालीन दल ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है। वह बस को सीधा करने की कोशिश में जुटे हैं, ताकि यह देखा जा सके कि क्या कोई और पीड़ित बस के नीचे फंसा हुआ है। दुर्घटना जोहान्सबर्ग के मुख्य ओआर टैम्बो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक राजमार्ग पर हुई। अधिकारियों ने बताया कि बस राजमार्ग के किनारे पर पलटी हुई थी। यह जोहान्सबर्ग के पूर्व में स्थित टाउनशिप या कैटलहोंग से लोगों को ले जा रही थी। दुर्घटना स्थल पर नौ पुरुषों और तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि दो शव अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने पीड़ितों की उम्र के बारे में तुरंत जानकारी नहीं दी। नथलाडी ने कहा कि वे अस्पताल में भर्ती लोगों की चोटों की गंभीरता के बारे में भी फिलहाल कोई जानकारी नहीं दे सकते। अस्पताल ले जाए गए लोगों में ड्राइवर भी शामिल था। दुर्घटना में कोई अन्य वाहन शामिल नहीं था और अधिकारी अभी तक कारण का पता नहीं लगा पाए हैं। पुलिस जांच कर रही है।

## महू हिंसा को बताया प्लांड हमला, 13 गिरफ्तार

**इंदौर, 11 मार्च (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत पर महू के रहवासियों द्वारा जश्न मनाया जा रहा था। इस दौरान कुछ लोगों ने जुलूस निकाल रहे लोगों से विवाद कर लिया, जिससे जमकर उपद्रव मच गया। एक पक्ष ने जुलूस पर जमकर पत्थरबाजी भी कर दी, जिसका वीडियो सामने आया है। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खबर लिखे जाने तक 5 एफआईआर में करीब 46 नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। इसमें से 13 आरोपियों को पुलिस अब तक गिरफ्तार भी कर चुकी है। वहीं, इस पूरे मामले की काफी बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है। महू में भारत की जीत का जश्न विभिन्न चौराहों पर धूमधाम से मनाया जा रहा था। लेकिन इसी दौरान एक वर्ग विशेष के धार्मिक स्थल के बाहर जब जश्न मनाते युवक गुजर रहे थे तो विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। इसके बाद जमकर पथराव, आगजनी और तोड़फोड़ की घटना घटी। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और उत्पात मचा रहे युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। फिलहाल शिकायतकर्ता गजराज उर्फ पप्पू सहित अलग-अलग लोगों की शिकायत पर कुल 5 एफआईआर दर्ज की गई हैं। जिसमें से गजराज की शिकायत पर 17 आरोपियों के नाम शामिल हैं। गजराज ने पुलिस को जानकारी देते हुए कहा, "मोती महल चौराहे पर जीत का जश्न मना रहे थे। तभी वहां पर बबलू सहित अन्य लोगों ने लोगों को रोका और कहा कि आज हमने पहले से प्लान बनाकर रखा था कि तुम चिल्ला-चिल्ला कर जश्न मनाओगे तो आज तुम्हारा इलाज कर देंगे। इसके बाद इन सभी ने हम लोगों को घेर लिया और हमारी जमकर पिटाई की। इसके साथ ही यह भी धमकी दी कि आइंदा इस तरह से जुलूस निकाला तो जान से खत्म कर देंगे।

## देश की सबसे अमीर महिला बनी रोशनी नाडार, सावित्री जिंदल को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली, 11 मार्च (एजेंसी)।** एचसीएल ग्रुप के संस्थापक शिव नाडार की बेटी रोशनी नाडार देश की सबसे अमीर महिला बन चुकी हैं। रोशनी नाडार मल्होत्रा को उनके पिता शिव नाडार द्वारा कंपनी की 47% हिस्सेदारी ट्रांसफर करने के बाद यह उपलब्धि मिली है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रोशनी नाडार अब 3.13 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ के साथ देश की प्रथम सबसे अमीर महिला बन चुकी हैं। इसके अलावा रोशनी अब मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के बाद तीसरी सबसे अमीर भारतीय भी बन गई हैं। देश में सबसे अधिक संपत्ति के मामले में प्रथम स्थान पर वर्तमान में मुकेश अंबानी है। देश में संपत्ति के मामले में शिव नाडार जो कि रोशनी नाडार के पिता हैं, वह तीसरे सबसे अमीर भारतीय व्यक्ति थे। पाठकों को बता दें कि शिव नाडार के नेतृत्व वाली ल्रळछ टेक्नोलॉजी कम्पनी मार्केट कैप 4.20 लाख करोड़ रुपए के साथ देश की तीसरी सबसे बड़ी ल्ळ कंपनी है। शिव नाडार द्वारा ल्रळछ कंपनी की 3.13 लाख करोड़ रुपए की आधी से अधिक हिस्सेदारी अपनी बेटी रोशनी के के नाम कर दी गई है। देश की सबसे अमीर महिला रोशनी नाडार ने केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से टइअ की पढ़ाई की है। इन्होंने ब्रिटेन की नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी से कम्युनिकेशन में ग्रेजुएट की थी। पढ़ाई पूरी होने के बाद इन्होंने अपने करियर की शुरूआत ब्रिटेन में स्काई न्यूज में बतौर प्रोड्यूसर अपने करिअर की शुरूआत की थी। रोशनी अब ल्रळछ की हिस्सेदारी मिलने के बाद कंपनी की कमान संभालेगी। शिव नाडार द्वारा एचसीएल कंपनी की आधी से अधिक हिस्सेदारी रोशनी नाडार के नाम करने के बाद संपत्ति के मामले में इन्होंने सावित्री जिंदल को पिछे छोड़ते हुए देश की सबसे अमीर महिला के उपलब्धि अपने नाम कर ली है। सावित्री जिंदल के पास वर्तमान में 2163 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति है। वहीं रोशनी नाडार की संपत्ति 3.13 लाख करोड़ रुपए हो गई है। सावित्री जिंदल संपत्ति के मामले में महिलाओं में दूसरे और ऑल ओवर पांचवें स्थान पर हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर्स की रिपोर्ट के अनुसार मुकेश अंबानी 7.7 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ प्रथम और गौतम अडाणी तकरीबन 6 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ देश में दूसरे स्थान पर हैं।



# बरेली में उत्तराखंड पुलिस की दबिश, 70 गाड़ियों से आए 300 पुलिसकर्मी, 48 घरों को खंगाला

**बरेली, 11 मार्च (एजेंसी)।** उत्तराखंड की ऊधमसिंह नगर पुलिस ने सोमवार तड़के बरेली के फतेहगंज पश्चिमी कस्बे में दबिश दी। करीब 48 घरों को खंगाला। जो भी मिला, उसे गाड़ियों में ठूंसकर ले गई। आरोप है कि दबिश के दौरान टीम ने कई घरों के दरवाजे भी तोड़ दिए। सूत्रों के मुताबिक, एक युवक टीम को देखकर छत से कूदकर भागा तो उसका पैर टूट गया। दबिश को लेकर बरेली और उत्तराखंड पुलिस के दावे भी अलग-अलग हैं। स्मैक तस्करी के बड़े सिंडिकेट को पकड़ने के लिए ऊधमसिंह नगर के एसएसपी मणिकांत मिश्रा के नेतृत्व में करीब 70 गाड़ियों से तीन सौ पुलिसकर्मियों का काफिला फतेहगंज पश्चिमी कस्बे में घुसा। उनके साथ महिला पुलिसकर्मी, दंगा नियंत्रण का सामान व घरों में घुसने के लिए सीढ़ियां भी थीं। फोर्स ने मोहल्ला सराय, नई बस्ती, अंसारी मोहल्ला में दबिश दी। पुलिस टीम ने जुबैर, दानिश, बिट्टी, फैमी, नईम जाफरी, वसीम, फैसल सैय्यद, आलम आदि को हिरासत में ले लिया। टीम ने गांव अगरास, कुरतरा, धंतिया में भी छापा मारा। वहां भी कोई बड़ा तस्कर हाथ नहीं लगा। दो घंटे बाद टीम लौट गई। ऊधमसिंह नगर पुलिस की टीम में एसपी क्राइम निहारिका तोमर, एसपी सिटी डॉ। उत्तम सिंह नेगी, एसपी काशीपुर अभय सिंह भी शामिल रहे। एसएसपी बरेली अनुराग आर्य ने बताया कि उत्तराखंड के अधिकारियों ने कोई सूचना नहीं दी थी। मुख्यमंत्री व डीजीपी को जानकारी दी है। सहरी के वक्त की कार्रवाई से जनाक्रोश भड़क जाता तो होली और ईद के त्योहार कराने में दिक्कत आ सकती थी। बरेली एसएसपी ने कहा कि ऊधमसिंह नगर की टीम ने कई घरों की तलाशी ली, पर कोई मादक पदार्थ नहीं मिला। जिन 16 लोगों को टीम साथ ले गई, उनमें से केवल एक ही शख्स पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज थी। बाकी पर किसी तरह का अपराध दर्ज नहीं होने की वजह से उन्हें छोड़ दिया गया। सभी 15 लोग अपने घरों पर पहुंच गए हैं। ऊधमसिंह नगर के एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि देवभूमि को नशामुक्त करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत ड्रग्स सप्लाई की चिह्नित जगहों पर एक साथ दबिश दी गई। पुलभट्टा थाने में स्मैक तस्करी में वांछित बरेली जिले के फतेहगंज पश्चिमी के गांव अगरास निवासी आसिफ को गिरफ्तार किया गया है। ऊधमसिंह नगर के एसएसपी ने बताया कि हिरासत में लिए गए 17 अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। इसमें उत्तर भारत के कई राज्यों में ड्रग्स की तस्करी के साक्ष्य मिले हैं। नशा तस्करों के बारे में भी जानकारी मिली है। इन पर जल्द ही ठोस कार्रवाई की जाएगी।



# बैग लूटने के लिए बदमाशों ने युवती को घसीटा, मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 11 मार्च (बु.)।** बदमाशों के हौसले दिनोंदिन बुलंद होते दिख रहे हैं। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला रामपुरी निवासी सोनिया एक कपड़े की दुकान पर नौकरी करती है। सोमवार की रात जब वह दुकान से लौट रही थी और रामपुरी स्थित एक नर्सिंग होम वाली गली में पहुंची तो पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने एकाएक युवती के कंधे पर झपट्टा मारा और बैग छीनने लगे। युवती ने हिम्मत दिखाते हुए अपना बैग और जोर से पकड़ लिया और छोड़ा ही नहीं। बैग न छोड़ने पर बदमाश उसे घसीटते हुए काफी दूर तक ले गए। जब युवती ने हिम्मत नहीं हारी और शोर मचाया तो आसपास के लोग बदमाशों की ओर बढ़ने लगे। ऐसे में अपने को फंसता देख बदमाश बैग छोड़कर फरार हो गए। युवती के साथ हुई घटना से उसके मन में दहशत का माहौल होने के कारण युवती ने शहर कोतवाली में पूरे मामले की जानकारी दी। मामूली घायल हुई युवती को पुलिस द्वारा उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। युवती की ओर से आई तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया। मंगलवार की देर शाम दोनों युवक मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिये गए। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि फुटेज के में दोनों बदमाश शाहबुद्दीनपुर रोड की ओर जाते हुए नजर आ रहे हैं। पुलिस वीडियो के आधार पर शाहबुद्दीनपुर रोड पहुंची और बदमाशों की घेराबंदी की तो बदमाशों ने पुलिस पर ही फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में महमूदनगर निवासी मौहम्मद शारिक व थाना सिविल लाइन निवासी फिरोज गोली लगने से घायल हो गए। घायल होने के बाद पुलिस ने बदमाशों से घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद किया। पुलिस ने दोनों बदमाशों को उपचार के लिए भिजवा दिया। पुलिस का कहना है कि दोनों बदमाशों के विरुद्ध अपराधिक मामले पहले से ही दर्ज हैं।



# वाहन चोरी करने वाले गिरोह को गोली मारकर पकड़ा

## एक घायल सहित 5 अरेस्ट, 9 कारें की बरामद



**बुढ़ाना, 11 मार्च (बु.)।** पुलिस ने एक ऐसे गिरोह के 5 सदस्यों को एक मुठभेड़ मे पकड़ा है, जो चोरी की कारों की नंबर प्लेट, इंजन व चेसिस नंबरों को बदलकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर कारों को अन्य राज्यों में बेचते थे। एक बदमाश को गोली लगी है। पुलिस ने बदमाशों की निशानदेही पर 9 कारें व अवैध हथियार बरामद किए हैं। बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पालसिंह के निर्देश पर कोतवाल आनंद देव मिश्र क्षेत्र में मंगलवार की रात्रि चैकिंग कर रहे थे कि सूचना मिली कि वाहन चोर गिरोह के सदस्य कई गाड़ियों को लेकर जौला की तरफ जाने वाले रास्ते पर बने पुराने बन्द पड़े भट्टे पर खड़े हैं, जिन्हें वे बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर विश्वास कर पुलिस उक्त स्थान पर पहुंची और भट्टे की घेराबन्दी की। भट्टे के अंदर से कुछ लोगों की आवाजें आई, जो चोरी की गाड़ियों को बेचने की बात कर रहे थे। जैसे पुलिस टीम आगे बढ़ी, तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। पुलिस ने गोली मारकर एक चोर समेत 5 चोरों को पकड़ लिया। घायल बदमाश अस्पताल भेजा गया। बदमाश सरफराज उर्फ सरफू पुत्र जरीफ खालापार मुजफ्फरनगर हाल पता ग्राम शेखपुरी घोड़ावाला रुड़की उत्तराखंड घायल, सलीम पुत्र नानू निवासी राणा चौक सरकारी फ्लैट खालापार, खालिद पुत्र आबिद निवासी मौहल्ला पछाला बुढ़ाना, गुलजार पुत्र सरफराज निवासी गढ़ी सरवट नई मण्डी व आमिर पुत्र तैय्यब निवासी कादरी मस्जिद अंजली बिहार अंकुर बिहार लोनी गाजियाबाद है। जो नौ कारें मिली हैं, वे दिल्ली समेत अन्य स्थानों से चोरी की हुई थी। बदमाशों पर 22 मामले दर्ज हैं। टीम में बायवाला चौकी प्रभारी किशनपाल सिंह, गढ़ी चौकी प्रभारी संदीप कुमार, कस्बा इंचार्ज ललित कसाना, परासौली चौकी प्रभारी सुमित कुमार, उकावली चौकी प्रभारी मोहित आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## पुलिस मुठभेड़ के दौरान शातिर गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 11 मार्च (बु.)।** छपार पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक शातिर को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार की देर रात छपार पुलिस हाइवे पर चैकिंग कर रही थी। पुलिस ने चैकिंग के दौरान बाइक सवार संदिग्ध को रोकने की कोशिश की तो पहले उसने भागने का प्रयास किया और बाद में पुलिस पर फायरिंग कर डाली। जवाबी फायरिंग में बदमाश अनीस उर्फ मस्ताना निवासी बड़ौत गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश को अस्पताल में उपचार दिलाया गया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार बदमाश जनपद मेरठ व बागपत में चोरी व लूट के मामले में नामजद है।

## देहरादून-बागेश्वर के बीच हेली सेवा शुरू, धामी ने दिखाई हरी झंडी

**बागेश्वर/नैनीताल, 11 मार्च (वार्ता)** उत्तराखंड के बागेश्वर जिले को हेली सेवा के रूप में नई सौगात मिली है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी ने मंगलवार को देहरादून-बागेश्वर-देहरादून और बागेश्वर हल्द्वानी-बागेश्वर हेली सेवा का वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। यह महत्वपूर्ण सेवा उत्तराखंड नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के तत्वाधान में उड़ान योजना के तहत शुरू की गई है। हेली सेवा नागरिकों और पर्यटकों दोनों के लिए सुविधाजनक होगी। मेला डूंगरी गरुड़ स्थित हेलीपैड पर दर्जा राज्य मंत्री शिव सिह बिष्ट, विधायक पार्वती दास, सुरेश गड़िया, जिलाधिकारी आशीष भटगाई, एसपी चंद्रशेखर आर घोड़के ने देहरादून से पहुंचे यात्रियों एवं पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी का स्वागत किया।

# दो पक्षों दो पक्षों के बीच संघर्ष, चार लोग घायल

**जानसठ, 11 मार्च (बु.)।** ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर चबूतरे में लगने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में संघर्ष हो गया। हमले में एक ही पक्ष के चार लोग घायल हो गए। गांव हो गई। कहासुनी के बाद अजीत पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया है। हमले में अनिल व आशीष पुत्रगण राकेश, अभिनव पुत्र सत्येंद्र, आयुष पुत्र योगेंद्र



चिंदौड़ी में मंगलवार को राकेश पक्ष के लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में ईंट भरकर अपने घर ला रहे थे। रास्ते में अजीत पक्ष के चबूतरे में ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर लग गई, जिससे चबूतरे का कोना टूट गया, जिसको लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत किया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। घायल पक्ष के लोगों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुटी।

## सहरी कर बिना नमाज अदा किए सो गए छात्र, मदरसे में घुसकर हमला, संवेदनशील अंगों पर किए वार

**बागपत, 11 मार्च (एजेंसी)।** बागपत जनपद के अमीनगर सराय कस्बे में मदरसे में घुसकर छात्रों पर हमले का मामला सामने आया है। यहां टंकी मोहल्ला स्थित मदरसे में सुबह की नमाज नहीं पढ़ने पर पड़ोसियों ने दो छात्रों पर मदरसे में घुसकर हमला कर दिया। हमलावरों ने दोनों छात्रों के संवेदनशील अंगो पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिनका पिलाना सीएचसी में उपचार कराया गया। कस्बे के टंकी मोहल्ला स्थित मदरसे के संचालक कारी उस्मान ने सिंघावली अहीर थाने में दी तहरीर में बताया कि मंगलवार दोपहर बच्चे मदरसे में पढ़ाई कर रहे थे, तभी पड़ोस में रहने वाले युवक दीवार फांदकर मदरसे में घुस गए। दोनों युवकों ने सुबह की नमाज नहीं पढ़ने पर मदरसे में पढ़ने वाले छात्रों को गालियां देना शुरू कर दी। मदरसे के कारी उस्मान ने इसका विरोध किया तो उनके साथ भी गली गलौज कर हाथापाई की गई। बीच बचाव कराने आए दो छात्र अताउर्रहमान निवासी फजलपुर और सादाब निवासी पिचौकरा के साथ तीनों युवकों मारपीट की। इसके बाद दोनों के संवेदनशील अंगों पर वार कर घायल कर दिया। शोर सुनकर वहां आए अन्य लोगों ने बीच बचाव कराया तो हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। शिकायतकर्ता ने बताया कि मंगलवार की सुबह रोजे की सहरी के वक्त छात्र नींद से जागे और सहरी खाने के बाद नमाज पढ़े बिना ही सो गए थे। इसी बात को लेकर हमला किया गया। हमलावर पहले भी कई बार छात्रों के साथ अभद्रता कर चुके हैं।

## सहारनपुर में दंगे के मामले में आला अधिकारी तलब

**सहारनपुर 11 मार्च (वार्ता)** सहारनपुर की एडीजे कोर्ट ने नगर में वर्ष 2014 में गुरुद्वारा की भूमि को लेकर हुए दंगे के मामले में साक्ष्य के तौर पर तत्कालीन डीएम संध्या तिवारी, एडीएम प्रशासन डा दिनेश चन्द्र (वर्तमान में जिलाधिकारी जौनपुर), और एसएसपी राजेश पाण्डेय को 17 मार्च को अपनी कोर्ट में उपस्थिति होने के लिए आदेश जारी किये है। शासकीय अधिवक्ता दीपक सैनी ने मंगलवार यह जानकारी दी।

## यूपी में नहीं जब्त होगी अबू आजमी की बेनामी संपत्ति

**लखनऊ, 11 मार्च (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के सपा अध्यक्ष एवं विधायक अबू आजमी की वाराणसी स्थित बेनामी संपत्तियों को आयकर विभाग द्वारा जब्त करने के आदेश को नई दिल्ली के निर्णायक प्राधिकारी ने खारिज कर दिया है। इन संपत्तियों को आयकर विभाग ने करीब दो वर्ष पहले वाराणसी के विनायक ग्रुप के ठिकानों पर छापों में मिले पुख्ता सुबूतों के बाद जब्त किया था। निर्णायक प्राधिकारी के आदेश से हतप्रभ आयकर विभाग के अधिकारी अब अपीलीय न्यायाधिकरण में चुनौती देने की तैयारी में हैं। वहीं अबू आजमी के साझीदारों से जुड़ी फाइलों को भी दोबारा खंगाला जाएगा, ताकि बाकी बेनामी संपत्तियों पर भी कार्रवाई की जा सके। बता दें कि आयकर विभाग ने 15 नवंबर 2022 को वाराणसी के विनायक निर्माण ग्रुप के वाराणसी, मुंबई, इंदौर, दिल्ली और कानपुर के ठिकानों पर छापा मारा था। छापे में मिले दस्तावेजों की जांच में सामने आया कि विनायक ग्रुप में अबू आजमी ने करीब 300 करोड़ रुपये की काली कमाई को खपाया है।

## उत्तर प्रदेश में होली को लेकर अलर्ट

# संवेदनशील स्थानों के होलिका दहन पर अधिकारी रहेंगे मौजूद

**लखनऊ, 11 मार्च (एजेंसी)।** डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि होलिका के जिन स्थानों पर पूर्व में विवाद हो चुका है, वहां वरिष्ठ अधिकारी स्वयं भ्रमण करें। होलिका दहन के समय अग्निशमन वाहनों के साथ पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। डीजीपी मंगलवार को होली समेत आगामी त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मातहतों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि होली शुक्रवार (जुमे) के दिन होने की वजह से अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। अराजक तत्वों को चिन्हित कर निरोधात्मक कार्रवाई करें। बीते वर्षों में होली से संबंधित विवादों एवं मुकदमों की समीक्षा करके प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई करा ली जाए। मिश्रित आबादी के क्षेत्रों, जुलूस के मार्गों विशेषकर जंक्शन प्वाइंट्स एवं कम्युनल हॉट स्पॉट्स पर पर्याप्त जनशक्ति की तैनाती करें। सीसीटीवी व ड्रोन कैमरा से चेकिंग भी कराएं। त्योहार पर कोई नई परंपरा शुरू करने की अनुमति न दी जाए। क्विक रिस्पांस टीमें बनाकर दंगा नियंत्रण उपकरणों सहित तैयारी हालत में रखा जाए। सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना, चौकी तथा बीट स्तर के कर्मियों को भी सचेत व सक्रिय रखा जाए। हर छोटी से छोटी सूचना को भी गंभीरता से लेकर तत्परता से विधिक कार्रवाई करें। अवैध जहरीली शराब से होने वाली किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए आबकारी विभाग एवं स्थानीय मजिस्ट्रेट से समन्वय स्थापित कर सचल दस्ते के रूप में छापेमारी व आकस्मिक चेकिंग की जाए। अस्पतालों को भी अलर्ट पर रखें और आकस्मिक चिकित्सा सेवायें दिन-रात सुचारू रहें।

## अवैध मदरसों पर कार्रवाई, पांच मदरसे किए गए सील

**देहरादून, 11 मार्च (एजेंसी)।** विकासनगर में अवैध मदरसों पर शासन की कार्रवाई जारी है। मंगलवार को पांच मदरसे किए गए सील किए गए। केदारवाला में तीन, अपर छरबा और खुशहालपुर में एक-एक मदरसा सील किया गया। इस दौरान यहां भारी भीड़ जमा रही। सोमवार को भी टीम ने एक के बाद एक 10 अवैध मदरसों को सील कर दिया था। इस दौरान टीम को मुस्लिम समुदाय के हल्के फुल्के विरोध का सामना भी करना पड़ा। लेकिन, भारी पुलिस बल के बीच कार्रवाई जारी रही। टीम ने अब तक 19 अवैध मदरसों को सील किया है। अभी 10 अवैध मदरसों पर कार्रवाई होनी है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने कार्रवाई के लिए प्रशासन, पुलिस, एमडीडीए, मदरसा बोर्ड, अल्पसंख्यक विभाग, शिक्षा विभाग, मदरसा बोर्ड की टीम गठित की। सोमवार को एसडीएम विनोद कुमार और सीओ, विकासनगर बीएल शाह के नेतृत्व में टीम सहसपुर में अवैध मदरसों पर कार्रवाई के लिए पहुंची। ढाकी में मदरसा जामिया सब्बीबुल रशाद द्वितीय शाखा उस्मानपुर में टीम को मुस्लिम समुदाय के विरोध का सामना करना पड़ा।

# दिल्ली की सेवा बस्ती में भयंकर आग, तीन लोग जिंदा जले

नई दिल्ली, 11 मार्च (एजेंसी)। दिल्ली के आनंद विहार स्थित सेवा बस्ती में मंगलवार सुबह आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। इसकी सूचना से प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने के लिए पानी की बौछार मारी, लेकिन तब तक तीन लोग जिंदा जल चुके थे। दिल्ली के अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार सुबह 2 बजकर 22 मिनट एक संकट कॉल मिली थी। इसके बाद तीन दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत से आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया।

इस मामले में डीसीपी (शाहदरा) प्रशांत गौतम ने कहा कि दिल्ली अग्निशमन सेवा को मंगलवार सुबह 2:22 बजे एक संकट कॉल मिली और उसने तीन दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा। एक अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग पर सुबह 2:50 बजे तक काबू पा लिया गया। हमने आनंद विहार थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(1) (लापरवाही से मौत) के तहत एफआईआर दर्ज की है। घटना की जांच के लिए कई टीमें बनाई गई हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली के आनंद विहार स्थित सेवा बस्ती में हुए अग्निकांड में तीन लोगों की मौत हुई है। इनमें 30 साल के जग्गी, 40 साल के श्याम सिंह और 37 साल के कांता प्रसाद शामिल हैं। ये सभी लोग उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के रहने वाले थे। यह सभी यहां रहकर मजदूरी का काम करते थे। आग लगने के कारण झोपड़ी के अंदर दम घुटने से इनकी मौत हुई है। पुलिस ने बताया कि हादसे में मरने वाले लोग इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) में काम करते थे। मंगलम रोड पर डीडीए प्लॉट के पास स्थित अस्थायी टेंट में रहते थे। उन्होंने कथित तौर पर टेंट को जलाने के लिए कूलर स्टैंड पर रखे डीजल के एक छोटे कंटेनर का इस्तेमाल किया। वहीं पुलिस को दिए बयान में स्?थानीय निवासी नितिन ने बताया कि रात करीब 2 बजे श्याम सिंह की नींद खुली तो उसने आग लगी देखी। इस दौरान श्याम सिंह ने टेंट का दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। हालांकि आग तेज होने पर मैं भागने में सफल रहा, लेकिन बाकी तीन लोग आग की लपटों में फंस गए।



## झुग्गी में आग लगने से मृत लोगों के परिजन को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक मदद

**नयी दिल्ली, 11 मार्च (वार्ता)** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एजीसीआर कॉलोनी के पास की झुग्गी में आग से जान गंवाने वालों के प्रति दुख प्रकट करते हुए मंगलवार को कहा कि मृतक के परिजन को 10-10 लाख रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। श्रीमती गुप्ता आज खुद मौके पर पहुंची और शोकाकुल परिवारों से मिलकर उनको सांत्वना दी और सरकार की तरफ से हरसम्भव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। सरकार पीड़ित परिवार के हुए नुकसान की भरपाई तो नहीं कर सकती ,लेकिन जिन लोगों की जान गई है, उनको 10-10 लाख रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात के दौरान कहा, ''इन सभी पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। एक गरीब परिवार बड़ी मुश्किल से तिनका तिनका कर अपना घरोंदा तैयार करता है और ऐसे हादसे उसके मनोबल को हिला के रख देते है। मैं भगवान से मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करती हूँ। हम पीड़ित परिवार के नुकसान की भरपाई तो नहीं कर सकती, लेकिन सरकार की तरफ से जिन- लोगों की मौत हुई है, उन्हें आर्थिक मदद दी जाएगी। जिन लोगों की मौत हुई है, उनके परिवार को दिल्ली सरकार की तरफ से 10-10 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। साथ ही संबंधित अधिकारियो को घटना की जाँच के निर्देश भी दे दिए गए है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओ को रोका जा सके। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के एजीसीआर कॉलोनी के पास की झुग्गी में सोमवार देर रात आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई थी।

# कुटी मंदिर की दुकानों को लेकर शामली में हंगामा

## मंदिर के साधु और व्यापारियों के बीच हुई कहासुनी-धक्का-मुक्की

**शामली, 11 मार्च (एजेंसी)।** गांधी चौक स्थित कुटी मंदिर की दुकानों को लेकर मंगलवार को फिर से मंदिर के साधु और व्यापारी आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच करीब तीन घंटे तक हंगामा चलता रहा। व्यापारी ने साधुओं पर मारपीट और दुकान में घुसकर तोड़फोड़ का आरोप लगाया। सूचना पर मौके पर पहुंचे एसडीएम और सीओ ने किसी तरह मामला शांत कराया। साधु और व्यापारी दुकानों को अपनी-अपनी बता रहे हैं।

शहर कोतवाली क्षेत्र के गांधी चौक स्थित कुटी मंदिर के पास कई दुकानें है। पिछले काफी समय से मंदिर के साधुओं और व्यापारियों के बीच दुकानों पर मालिकाना हक को लेकर विवाद चला आ रहा है। मंगलवार को यह विवाद उस वक्त और गहरा गया जब व्यापारी संजीव ने न्यायालय से स्टे ऑर्डर लेकर अपनी दुकान खोल ली। संजीव का आरोप है कि दुकान खोलने की सूचना मिलते ही कई साधु संत अपने शिष्यों के साथ बाजार में पहुंचे और उसकी दुकान में घुसकर जबरन कब्जे का प्रयास किया। यह सब देखकर व्यापारियों में आक्रोश बढ़ गया और देखते ही देखते हजारों व्यापारियों की भीड़ मौके पर पहुंच गई। साधुओं पर दबंगई का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। आरोप था कि व्यापारियों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। करीब तीन घंटे तक हंगामा चलता रहा। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच धक्का मुक्की भी हुई। सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे एसडीएम विनय कुमार, सीओ अमरदीप मौर्य और भाजपा कार्यकर्ता विवेक प्रेमी ने किसी तरह व्यापारियों को समझाकर मामला शांत कराया। इसके बाद दोनों पक्षों को सीओ सिटी कार्यालय पर बुलाया गया। जहां पुलिस प्रशासन के अधिकारी, साधुओं और व्यापारियों की सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कोर्ट के स्टे ऑर्डर के प्रभावी रहने तक यथा स्थिति बनाकर रखी जाए। इसके बाद दोनों पक्ष वापस लौट आए। एसडीएम का कहना है कि 19 मार्च तक यथा स्थिति रहेगी।

# मॉरीशस में पीएम मोदी का बिहारी अंदाज में किया गया स्वागत, प्रधानमंत्री ने लिखा-ये हमेशा याद रहेगा

**पोर्ट लुईस, 11 मार्च (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुईस पहुंचे। पोर्ट लुईस पहुंचने पर भारतीय मूल के लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान महिलाओं ने बिहारी अंदाज में पारंपरिक गीत गाकर इस स्वागत कार्यक्रम को यादगार बना दिया। दरअसल महिलाओं ने भोजपुरी भाषा का पारंपरिक 'गीत गवई' गाकर पीएम मोदी का स्वागत किया। गीत गवई, भोजपुरी संगीत परंपरा से जुड़ा है। इससे पता चलता है कि मॉरीशस के समाज का आज भी भारत के साथ गहरा सांस्कृतिक जुड़ाव है। जब महिलाएं पीएम मोदी के स्वागत में गीत गवई गा रहीं थी तो प्रधानमंत्री भी गीत का आनंद लेते दिखाई दिए। उल्लेखनीय है कि गीत गवई की सांस्कृतिक अहमियत के चलते यूनेस्को की प्रतिनिधित्व सूची में दिसंबर 2016 में शामिल किया गया था। गीत गवई शादी, उत्सव के संस्कारों से जुड़ा है। एयरपोर्ट पर स्वागत के बाद पीएम मोदी होटल पहुंचे, जहां भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया और तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय के नारे लगाए। मॉरीशस में मिले भव्य स्वागत पर पीएम मोदी पर आभार जताया और सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'मॉरीशस में भारतीय समुदाय द्वारा किए गए स्वागत से अभिभूत हूं। इनका भारतीय परंपरा, संस्कृति और मूल्यों से गहरा जुड़ाव बेहद प्रेरक है। यह जुड़ाव इतिहास और दिलों के जरिए कई पीढ़ियों में फला-फूला है।' बिहारी अंदाज में मिले स्वागत पर खुशी जताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 'मॉरीशस में मिला स्वागत यादगार है। गीत गवई से हमारा सांस्कृतिक जुड़ाव दिखा। यह प्रशंसनीय है कि किस तरह से भोजपुरी भाषा, मॉरीशस की संस्कृति में फली-फूली है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को मॉरीशस पहुंचे, जहां सर शिवसागर रामगुलाम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने उनका स्वागत किया। गौरतलब है कि मॉरीशस के पीएम के साथ ही मॉरीशस की सरकार के करीब 200 गणमान्य लोग पीएम मोदी के स्वागत में एयरपोर्ट पहुंचे। इनमें मॉरीशस के डिप्टी पीएम, मॉरीशस के मुख्य न्यायाधीश, मॉरीशस की नेशनल असेंबली के स्पीकर, नेता विपक्ष, विदेश मंत्री, कैबिनेट सचिव समेत कई लोग मौजूद रहे।



## मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति को भेंट किया महाकुंभ का पवित्र जल

**पोर्ट लुईस, 11 मार्च (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखूल को महाकुंभ का पवित्र संगम जल भेंट किया। इस जल को एक पीतल और तांबे के बर्तन में रखा गया था। प्रधानमंत्री ने गोखूल की पत्नी बृंदा गोखूल को प्रसिद्ध बनारसी साड़ी भी भेंट की। दो दिवसीय दौरे पर मॉरीशस पहुंचे मोदी ने गोखूल को बिहार का प्रसिद्ध खाना 'मखाना' भी उपहार में दिया। उन्होंने बृंदा गोखूल को एक सदेली बॉक्स में साड़ी भेंट की। सदेली बॉक्स गुजरात की परंपरागत कारीगरी का प्रतीक है। सदेली बॉक्स कीमती साड़ियों, आभूषणों या वस्तुओं को रखने के लिए डिजाइन किया गया है। राष्ट्रपति गोखूल से मुलाकात से पहले प्रधानमंत्री ने अपने समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने सर सीवूसागर बॉटनिकल गार्डन में एक पौधा लगाया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, इससे पहले मॉरीशस पहुंचने पर हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने आखिरी बार 2015 में मॉरीशस का दौरा किया था। उनके मॉरीशस के समकक्ष रामगुलाम और अन्य नेताओं ने उनका औपचारिक स्वागत किया। जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह भारत और मॉरीशस की दोस्ती को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने सीवूसागर रामगुलाम को श्रद्धांजलि दी और फिर राष्ट्रपति से मुलाकात की। इसके बाद वह राजकीय भोज में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री कल मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

